# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 29.05.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 29.05.2025

### बकाया जमा न करने वालों पर करें प्रभावी कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बुधवार को वीडीए कार्यालय में सभी जोन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा कर मानचित्र निस्तारण करने को कहा। जोन वन के वार्ड शिवपुर, सिकरौल में शमन धनराशि के रूप में 41,42,947 रुपये जमा कराया गया। सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा में कुल धनराशि 13,81,413 रुपये शमन शुल्क जमा कराया गया। अप्रैल से अब तक शमन धनराशि 38,60,280 जमा कराया गया। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 29.05.2025

### बेसमेंट खाली करा कर पार्किंग बनवाएं

**वाराणसी।** वीडीए मुख्यालय में बुधवार को अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने सारनाथ, शिवपुर, सिकरौल, आदमपुर और जैतपुरा वार्डों में लंबित शमन मानचित्र मामलों की समीक्षा की। अपर सचिव ने सील भवनों की जांच करने एवं बेसमेंट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। शमन शुल्क जमा न करने वालों पर कानूनी कार्यवाही करें।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 29.05.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 12.05.2025 से 18.05.2025 एवं 19.0.2025 से 25.05.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 77,20,805.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-41,42,947.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 12.05.2025 से 18.05.2025 एवं 19.0.2025 से 25.05.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 13,81,413.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-38,60,280.00 जमा कराया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया।सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौंपे गये कार्यो के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, श्री शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, श्री रोहित कुमार व लिपिक, श्रीमती किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकारी, प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता, विनोद कुमार व लिपिक, रक्षित रधुवंशी एवं फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।



## न्यायाधीश–दि0 29.05.2025

### अपर सचिव वाविप्रा द्वारा की गई विभिन्न जोनो की समीक्षा

वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशों के क्रम में 28.मई को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत 12.05.2025 से 18.05.2025 एवं 19.0.2025 से 25.05.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 77,20,805.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-41,42,947.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 12.05.2025 से 18.05.2025 एवं 19.0.2025 से 25.05.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 13,81,413.00 जमा कराया गया है उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, श्री शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, श्री रोहित कुमार व लिपिक, श्रीमती किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकारी, श्री प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता, श्री विनोद कुमार व लिपिक, श्री रक्षित रधुवंशी एवं फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।